# दावोस में विश्व आर्थिक मंच पर छाएगा ब्रांड यूपी

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने दावोस में वैश्विक उद्योगपतियों के बीच प्रभावशाली तरीके ब्रांडिंग करने का निर्णय लिया है। दावोस में प्रोमेनेड-49 पर पहली बार इन्वेस्ट यूपी अपना एक स्टाल लगाकर उद्योगों को बढ़ावा देने वाली सकारी योजनाओं व नीतियों का प्रचार-प्रसार करेगा।

## यूपी पवेलियन में एक जिला एक उत्पाद का होगा प्रदर्शन

विश्व आर्थिक मंच का सम्मेलन 14 से 19 जनवरी तक स्विट्जरलैंड के दावोस में हो रहा है। पिछले साल फरवरी में हुए वैश्विक निवेशक सम्मेलन की सफलता के बाद बड़ी वैश्विक कंपनियों व उद्योगपतियों से निवेश प्रस्ताव के आने की उम्मीद है। फॉर्च्यून 500 ग्लोबल और फॉर्च्यून 500 भारतीय कंपनियों के लिए बनाई गई नीति के बारे में बताया जाएगा। अयोध्या में राममंदिर, ताजमहल, काशी विश्वनाथ मंदिर और अन्य पर्यटन स्थलों का प्रचार भी वहां किया जाएगा। ब्यूरो